जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति   दिनांक 21.06.2024

प्रेस नोट

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामलें में 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 03.04.2024 को थाना थानाभवन पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.अश्वनी पुत्र सतपाल निवासी ग्राम खानपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से घर से चोरी किया हुआ सामान बरामदः-

आज दिनांक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 चोरों को चोरी किये हुए इन्वर्टर बैट्रा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 20.06.2024 को वादी मौहम्मद अथर पुत्र मौहम्मद ताहिर निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना कांधला जनपद शामली के घर से अज्ञात चोर द्वारा इन्वर्टर बैट्रा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर तहरीर दी गयी थी। पीडित के तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.शहजाद पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना काँधला जनपद शामली।

2.खालिद पुत्र बाबर निवासी मौहल्ला नई बस्ती मुस्तफाबाद थाना काँधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किया हुआ इन्वर्टर बैट्रा।

<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>

आज दिनांक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.सुमित पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।

2.आशु पुत्र शहीद निवासी मौहल्ला खैल थाना काँधला जनपद शामली